प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–23.08.2023 (सं0–382)

यातायात प्रबन्धन को सुदृढ एवं सडक दुर्घटनाओं को कम करने हेतु किये जा रहे प्रयास

यातायात प्रबन्धन को सुदृढ़ करने तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बिहार पुलिस के द्वारा निम्नलिखित कार्रवाई की जा रही है:–

- Smart city project के अन्तर्गत राज्य के प्रमुख चार शहरों (पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर एवं बिहारशरीफ) में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराये गये हैं। पटना और मुजफ्फरपुर में यातायात नियंत्रण, विनियमन (Regulation) एवं नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध माह अप्रैल से कार्रवाई की जा रही है। यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध e-challan की प्रक्रिया 02 शहरों पटना तथा मुजफ्फरपुर में Automatic (स्वचालित) कर ली गयी है और मुख्य रूप से Over speeding, without Helmet, without Seatbelt, Triple riding and wrong side driving पर पटना शहर में दिनांक 27.04.2023 से 20.08.2023 तक कुल 74797 वाहनों के विरुद्ध चालान एवं मुजफ्फरपुर शहर में दिनांक 18.04.2023 से 21.08.2023 तक कुल 18055 वाहनों के विरुद्ध चालान निर्गत कर शमन की कार्रवाई की गयी है।

  बिहारशरीफ एवं भागलपुर में Automatic (स्वचालित) e-challan की प्रक्रिया का कार्य एक माह में सम्पन्न कर लिये जाने की सम्भावना है।
- Red Light Violation, Use of Mobile while driving एवं Choke points पर wrong side driving जैसे उल्लंघनो पर भी कार्रवाई प्रारम्भ किये जाने के उपरान्त भी माह अगस्त से पटना जिले में Automatic e-challan की संख्या में कमी आँकी गयी है। यह इस बात को दर्शाता है कि आम जनता यातायात के नियमों के अनुपालन के प्रति सजग हुई है और हेलमेट/सीट बेल्ट के नियमों के अनुपालन की प्रतिशत संख्या में वृद्धि हुयी है। इस हेतु बिहार पुलिस पटना जिले के आम नागरिको को धन्यवाद ज्ञापित करती है।
- एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय यह लिया गया है कि Smart city परियोजना के अन्तर्गत बने सुविधाओं का ट्रैफिक के साथ–साथ अपराध निरोध/नियंत्रण/उदभेदन के क्षेत्र में अधिकाधिक उपयोग हो सके। इसके सम्बन्ध में बिहार पुलिस की एक टीम हैदराबाद/मुम्बई के Smart city परियोजना के कार्यप्रणाली का अध्ययन करने हेतु स्थल भ्रमण करने जाएगी।
- बिहार के सभी जिलों में दो चरणों में कुल 1117 Hand Held Device वितरित किये गये है। इनमें से 12 यातायात जिलों को कुल 845 Hand Held Device वितरित कर पूरी तरह आच्छादित कर दिया गया है, जिससे इन जिलों में मैनुअल चालान की प्रक्रिया बन्द हो गयी है। अब Hand Held Device के माध्यम से फोटोग्राफिक Evidence के साथ e-challan निर्गत किया जा रहा है ताकि सड़क सुरक्षा एवं यातायात विनियमन में अपेक्षित मदद मिल सके।
- शेष 28 जिलों में यातायात बल की स्वीकृति का प्रस्ताव गृह विभाग में विचाराधीन है स्वीकृति उपरान्त एक माह के अन्दर इन 28 जिलों को भी पूरी तरह से e-challan प्रक्रिया से आच्छादित कर दिया जाएगा।
- सभी जिलों द्वारा Hand Held Device से माह अप्रैल से दिनांक 10.08.2023 तक कुल 157009 (एक लाख सत्तावन हजार नौ) चालान के विरुद्ध शमन की कार्रवाई की गयी है। सम्भावना है कि सभी जिलों में यातायात नियमों के अनुपालन के प्रति अपेक्षित सफलता प्राप्त की जा सकेगी तथा यातायात प्रणाली को सुगम बनाया जा सकेगा।

मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत कतिपय महत्वपूर्ण यातायात नियमों के उल्लंघन से सम्बन्धित मामलों में निम्नलिखित Fine (जुर्माना) देय होगा:—

S.No.	U/S MV Act	Fine Amount
1	181- Without DL	1000/-
2	183(I)- Over Speeding	Two Wheeler 2000/- Four Wheeler 5000/-
3	194B- Without seatbelt	1000/-
4	194C- Triple Riding	1000/-
5	194D- Without Helmet	1000/-
6	184A-Red Light Violation	Two Wheeler 1000/-, Three Wheeler 2000/-Four Wheeler Small 3000/-, Medium 4000/-, Heavy 5000/-

➢ उपरोक्त आँकड़ों के अवलोकन से स्पष्ट है कि पटना जिला में चालान के विरुद्ध शमन की राशि में 20 प्रतिशत शमन की राशि हेलमेट नहीं प्रयुक्त किये जाने पर वसूली गयी है।

Muzaffarpur Smart City के तहत शमन की राशि:—

S.No.	Mode	No. of Challan	Amount
1	POS Machine (from 18/04/23 to 30/04/23)	1098	2897000
2	POS Machine (from 01/05/23 to 26/05/23)	2370	3486000
3	Parivahan Portal (from 27/05/23 to31/05/23)	474	474000
4	Parivahan Portal (from 01/06/23 to 30/06/23)	4622	4665000
5	Parivahan Portal (from 01/07/23 to 31/07/23)	6522	6531000
6	Parivahan Portal (from 01/08/23 to 09/08/23)	1449	1449000
7	Parivahan Portal (from 10/08/23 to 21/08/23)	1520	1520000
Total		18055	21022000

Smart City Patna **Started from 27 April 2023**

E-Challan generated till date-20.08.2023

S.no.	Event Type	Violation Event Generated By System	Challan Verified and Generated by Police	Violation Yet to be Approved By Police	Fine	Challan Amount
1	Redlight Violation Detection System	232158	246	219654	5000	1230000
2	Speed Violation Detection System	343	81	245	2000	162000
3	No Helmet	53404	14365	29422	1000	14365000
4	Triple Riding	1897	293	1271	1000	293000
5	Vehicle Wrong Way	14521	261	12950	5000	1305000
6	All types of violation	43767	50575			45443000
7	All types of violation	16259	8976			10075000
Total		362349	74797	263542		72873000

➢ सभी आमजनों से अपील है कि यातायात के नियमों का पालन करें। यातायात के नियम आपकी तथा सड़क का प्रयोग कर रहे सभी की सुरक्षा के लिए परिहार्य है। यातायात नियमों का उल्लंघन कर जुर्माना देने से बचें।

XXXXXXX